## एक नजर में

### चंद्रग्रहण के चलते सुबह 10 बजे से मंदिरों के पट कर दिए गए बंद

**खरगोन।** इस वर्ष का श्राद्ध पक्ष विशेष और दुर्लभ संयोग के साथ शुरु हुए है। रविवार से शुरु हुए श्राद्ध पक्ष के पहले दिन जहां चंद्रग्रहण लगा है। चंद्रग्रहण के चलते शहर के मंदिरों में सुबह पूजन-अर्चन के बाद पट बंद कर दिए गए। श्री बांके बिहारी मंदिर समिति के श्याम बड़ोले ने बताया कि चंद्रग्रहण के 9 घंटे पहले सुतक काल शुरु होने के चलते सुबह मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद श्री बांके बिहारी को भोग लगाया गया। भगवान पर सुतक काल या चंद्रग्रहण का साया न पड़े, इसलिए सुबह 10 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए गए। अब सोमवार सुबह ही मंदिर के पट दर्शन के लिए खोले जाएंगे। हालांकि मंदिर परिसर में रात्रि के समय भजन- कीर्तन, जाप किए गए।




### 17 को औरंगपुरा मंदिर में मनेगी विश्वकर्मा जयंती, होंगे धार्मिक अनुष्ठान

**खरगोन।** अपनी सुंदर कारीगरी से सृष्टि का निर्माण करने वाले विश्व के प्रथम शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा का पूजन दिवस 17 सितंबर को भक्ति भाव से मनाया जाएगा। शहर के औरंगपुरा स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भी धार्मिक अनुष्ठान होंगे।

.विश्वकर्मा गुजराती लोहार समाज के मीडिया प्रभारी जितेंद्र कर्मा ने बताया कि मंदिर औरंगपुरा में स्थापित विश्वकर्माजी की मूर्ति का सुबह पंडित चंदन वशिष्ठ द्वारा अभिषेक व श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद हवन होगा। हवन पुर्णाहुति के बाद दोपहर में महाआरती कर समाजजनों के लिए भंडारा प्रसादी का आयोजन होगा। अपने आराध्य के पूजन दिवस को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है। मंदिर में भजन- कीर्तन के साथ ही शाम को सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी होगा। समाज के वरिष्ठ हीरालाल कर्मा, मुरलीधर कर्मा, कैलाशचंद्र कर्मा, गोविंद कर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं और ग्रंथों के अनुसार भगवान विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। सोने की लंका का निर्माण भी विश्वकर्मा जी ने ही किया था। समाज के जिला अध्यक्ष संजय कर्मा, हुकुमचंद कर्मा, राकेश कर्मा, कमल कर्मा, योगेश कर्मा, नितेश कर्मा, अशोक कर्मा, आशीष निखिल कर्मा, यशवंत कर्मा ने समाजजनों से आग्रह किया है अधिक से अधिक संख्या में उक्त पूजन कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लें।



### लोनारा में निकाली श्रीजी की शोभायात्रा, क्षमा याचना की



**खरगोन।** दिगंबर जैन समाज के पर्यूषण पर्व समापन पर लोनारा में भी धार्मिक आयोजन हुए। रविवार को क्षमा वाणी पर्व सभी ने एक दूसरे से गत वर्ष में हुई गलतियों के लिए क्षमा मांग कर क्षमा पर्व मनाया। यहां 12वें तीर्थंकर वासु पूज्य भगवान का निर्वाण कल्याणक मनाया गया। पूजन के बाद निर्वाण कांड का वाचन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया । शाम को वेदी में भगवान को विराजमान कर श्रीजी की शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम के प्रमुख मार्गों पर श्रद्धालुओं ने श्रीजी की आरती कर दर्शनलाभ लिया। महिलाओं ने गरबा नृत्य एवं भजन प्रस्तुत किए। शोभा यात्रा के बाद जैन मंदिर में प्रथम अभिषेक करने की बोली भावलिया दरबार ने ली, जबकि शांति धारा आशीष जैन, नमन जैन ने की। आरती करने का सौभाग्य प्रतीक्षा जैन, श्वेता जैन को प्राप्त हुआ। भगवान की माला लेने का सौभाग्य ब्रह्मचारी राजेंद्र जैन ने प्राप्त किया। शाम को भक्ता मर पाठ का आयोजन रमेश पटेल, सारिका जैन की ओर से किया गया। प्रतियोगिता आयोजन में भूमिका, अमीषा का योगदान रहा। श्रीमती मीना ने भजन प्रस्तुत किए। बद्री मुकाती, रमेश पटेल, मंशाराम मुकाती, हुकुम सेन, सीताराम ने बोलियों में महती भूमिका निभाई।

### युवा यादव अहीर समाज ने प्रतिभाओं का किया सम्मान



**खरगोन।** युवा यादव अहीर समाज संगठन के तत्वाधान में रविवार को ग्राम सगुर-भगुर में यदुवंश प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संगठन ने हाई स्कूल व हायर सेकंडरी के 105 बच्चों को सम्मानित कर उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी भुपेंद्र यादव एवं डॉ. संतोष यादव ने जिले में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नगद राशि देकर सम्मानित किया। स्वागत भाषण अनिल पटेल व युवा यादव समाज संगठन के अध्यक्ष राहुल यादव ने दिया। संचालन बंटी यादव व रविन यादव ने किया। प्राचार्य प्रमिला यादव, भागवती यादव, रामनारायण यादव ने अपने विचार व्यक्त किए। आभार संजय पटेल ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में यादव समाजजन उपस्थित थे।

### जश्न ए ईद मिलादुन्नबी की रही धूम



**महेश्वर।** नगर में ईद मिलादुन्नबी के 1500 वे जुलूस-ए-मोहम्मदी के मौके पर हर साल की तरह इस साल भी परम्परागत रूप से मनाया गया। इस दौरान शहर की सड़कों पर अक़ीदतमंदों की भीड़ देखी गई। जुलूस में शरीक लोगों ने नबी की शान में नारे लगाए और तिरंगा झंडा व इस्लामी झंडे लहराए एवं जगह जगह स्टॉल लगा कर जुलुस में शामिल बच्चों व बड़ों के लिए मिठाइयां टॉफी हलवा पानी और कई तरह के तबर्रुक को बांटने का एहतमाम किया गया और सभी मस्जिद के इमाम साहब का इस्तकबाल किया इससे पहले रात में मुस्लिम क्षेत्रों में रौशनी कर सजाया गया जिससे नगर का माहौल काफ़ी खुश नुमा रहा। जुलूस में शरीक होने के लिए शहर के सभी मुस्लिम क्षेत्रों से बड़ी तादाद में बच्चे बूढ़े सभी लोग पहुंचे। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल के जवान तैनात थे। जुलूस में शरीक लोगों ने नबी के नारों के साथ-साथ वतनपरस्ती के नारे भी लगाए। जुलूस में तिरंगा लहराकर लोगों ने वतनपरस्ती का पैग़ाम दिया।

# जयकारों के साथ दी एकदंत को विदाई, अगले बरस जल्दी आने की कामना की



**नवभारत न्यूज**

**खरगोन।** 10 दिनों तक सुबह-शाम श्रद्धा-भक्ति के साथ सेवा करने के बाद शनिवार को बप्पा की विदाई का दिन आया। बप्पा के चतुर्थी पर आगमन की तरह अनंत चतुर्दशी पर भी उसी उत्साह के साथ बप्पा की मूर्तियों का विसर्जन कर अगले बरस जल्दी आने की कामनाएं की गई।

सुबह से देरशाम तक नदी तटों पर चला रे चला गजानंद, गणपति अपने गांव चले, गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू... जैसे जयकारे और भजन गूंजायमान होते रहे। बप्पा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ ही दस दिवसीय गणेशोत्सव का भी समापन हो गया।

शहर में घर- प्रतिष्ठान और सार्वजनिक पांडालों में विराजित छोटी- बड़ी प्रतिमाओं को ढोल-तांशों के साथ श्रद्धालू कुंदा तट ले गए। मूर्तियों के विसर्जन के बाद वहां मौजूद नपा कर्मियों ने विसर्जित मूर्तियों को पानी से निकालने के बाद सजाए गए विसर्जन रथ याने मिनी ट्रक में संग्रहित किया। यहां से स्नेह वाटिका ले जाया जाएगा, जिससे मूर्तियों का अनादर न हो। कई श्रद्धालूओं ने मिट्टी की प्रतिमाएं अपने घर, प्रतिष्ठान और पांडालों में जल पात्र में विसर्जित किया। एकदंत की विदाई के चलते शहर में खासी चहल-पहल रही।

## नर्मदा में विसर्जन पर प्रतिबंध जारी गणपति विसर्जन के लिए पोखर कुंड बनाए

**नवभारत न्यूज**

**मंडलेश्वर, निप्र।** गणपति विसर्जन के लिए नगर परिषद द्वारा गंगाझिरा में पोखर कुंड का निर्माण किया गया है कुंड को नर्मदा जल से भरा गया है।कुंड तक पहुंचने वाले मार्ग पर मुरूम और गिट्टी चूरी बिछाई गई है।यहां विसर्जन के लिए नगर परिषद की टीम तैनात की गई है जो भक्तों को पहले सम्मान पूर्वक टेंट में ले जाकर प्रतिमाओं को रखने के लिए तख्त उपलब्ध करा रहे है जहां भक्त गणेश प्रतिमा रखा कर विसर्जन पूर्व पूजन आरती कर रहे है उसके बाद परिषद के कर्मचारी उनके साथ सम्मानपूर्वक पोकर में लगे रैंप पर मूर्ति को रखकर विसर्जन करवा रहे है।

विसर्जन का दौर 12 बजे से शुरू हो गया। एस डी एम पूर्वा मंडलोई ने गंगाझीरा विसर्जन कुंड का दौरा कर व्यवस्थाएं देखी आपने बताया कि पोखर कुंड के आसपास लाइट की व्यवस्था है टेंट लगाए गए है परिषद के कर्मचारी और पुलिस तैनात किए गए है।नर्मदा का जल स्तर घट रहा है घाटों पर भी पुलिस तैनात है नर्मदा के विसर्जन नहीं होगा।पुलिस थाना मंडलेश्वर के थाना प्रभारी दीपक यादव ने बताया कि नर्मदा के विसर्जन की अनुमति किसी को नहीं है नर्मदा ब्रिज पर भी पुलिस तैनात है तालाब के पास भी पुलिस बल मुस्तैद है।



### नगर परिषद में सफाई कर्मियों ने की आरती लगाया 56 भोग

मंडलेश्वर नगर परिषद द्वारा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के लिए गणपति विसर्जन के पूर्व नगर परिषद कार्यालय में सफाई कर्मी महिला पुरुषों से गणेश जी का पूजन कर आरती करवाई गई और सफाई मित्रो द्वारा गणेश जी को 56 भोग लगाया गया।अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे सी एम ओ संजय रावल कर्मचारियों के साथ पार्षद भीआरती में शामिल हुए।इसके बाद ढोल ढमाके के साथ परिषद के कर्मचारियों ने पोखर कुंड जाकर गणपति विसर्जन किया गया।नगर में अन्य स्थानों से भी विसर्जन हेतु प्रतिमाओं को पोखर कुंड ले जाया जा रहा है।केवट समाज के द्वारा गणपति जी को विदाई से पूर्व नगर भोज भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सबसे पहले सरस्वती शिशु मंदिर की कन्याओं और शिक्षिकाओं को तिलक लगाकर भोजन कराया गया। गणेश उत्सव के केवट समाज द्वारा विगत 10 वर्षों से भंडारा देने का क्रम जारी है।

## पत्रकार संघ ने की नगर के राजा श्री गणेश की आरती

**कसरावद, निप्र।** नगर के राजा श्री गणेश की आरती का सौभाग्य इस बार पत्रकार संघ को प्राप्त हुआ।

आरती का आयोजन सकल हिंदू समाज संगठन के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर पत्रकार संघ के अध्यक्ष नितिष लुणिया के साथ वरिष्ठ पत्रकार देवदत्त एक्कल, अजय कुशवाह, नवीन बारचे, सुधीर सराफ, राजेश सुल्ताने, किशोर भार्गव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से एसडीओपी श्वेता शुक्ला, थाना प्रभारी राजेंद्र बर्मन तथा नमामि गंगे अभियान के प्रदेश सह संयोजक नर्मदा पुत्र राजीव पटेल भी शामिल हुए।





### प्रतिमाओं का विसर्जन किया

**बिस्टान निप्र।** 10 दिन तक क्षेत्र में गणेश उत्सव की धूम रही। घरों व पंडालों मैं बप्पा को विराजमान कर लोगों ने पूजा की। शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया । भगवान के जय कारो और भजनों पर नाचते, गाते, श्रद्धालु विसर्जन स्थल पहुंचे । भगवान की पूजा कर शोभायात्रा निकाली । गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ का जय घोष किया। लोगों ने मोदक का भोग लगाया । अगले बरस जल्द आने की कामना करते हुए । नम आंखों से विदाई दी । इस बार नगर सहित क्षेत्र के अधिकांश घरों में गाय के गोबर व मिट्टी के गणेश की स्थापना की गई थी । नगर की स्थानीय इंद्रावति नदी पर गणेशजी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया ।

## सनावद में अनंत चतुर्दशी पर गणपति भक्त मंडल द्वारा भव्य भंडारे व आतिशबाजी का आयोजन

**सनावद, निप्र।** अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर गणपति भक्त मंडल, सनावद द्वारा श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर, सनावद में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक उत्सव के अंतर्गत रात्रि 8 बजे संध्या आरती के पश्चात भव्य आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया गया, जिसने भक्तों के उत्साह को और बढ़ा दिया।

इस विशेष अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसका भक्तों ने पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ आनंद लिया। गणपति भक्त मंडल, सनावद के इस आयोजन ने स्थानीय समुदाय में धार्मिक और सामाजिक एकता का संदेश प्रसारित किया।

गणपति भक्त मंडल ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों और भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह उत्सव न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि सामुदायिक एकजुटता को भी दर्शाता है।

### सुपर - 100 में मंडलेश्वर की हर्षिता शामिल इंदौर में होगी कोचिंग

**मंडलेश्वर, निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर की हाय स्कूल टॉपर बालिका कुमारी हर्षिता मोहन मकवाने ने जिला स्तर पर आयोजित सुपर 100 परीक्षा में सफलता प्राप्त की है।शिक्षक श्रीमती ज्योत्सना शर्मा ने बताया कि कक्षा 11 वी में अध्ययनरत छात्रा हर्षिता ने नीट परीक्षा हेतु ट्रेनिंग के लिए योग्यता प्राप्त की है वह जिले की एकमात्र छात्रा है।बालिका अब दो वर्ष के लिए मल्हार आश्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौर में सरकार के खर्च पर 11 वी और 12 की पढ़ाई के साथ नीट कोचिंग भी करेगी जहां भोजन आवास की सुविधा भी होगी।प्राचार्य विजय वानखेड़े ने बताया कि सरकार की सुपर 100 योजना के तहत नीट जेईई और क्लैट परीक्षाओं के लिए प्रतिभावान विद्यार्थियों को एक विशेष परीक्षा के माध्यम से सिलेक्ट कर विशेष संस्थानों में दो वर्ष की कोचिंग के साथ स्कूली शिक्षा भी प्रदान की जाती है।इस परीक्षा में हाय स्कूल बोर्ड में 60 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकते है। हर्षिता मकवाने ने हाईस्कूल परीक्षा में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। हर्षिता की इस उपलब्धि पर शिक्षक श्रीमती शबनम खान अरुणा चौहान सीमा भटोरे प्रकाश भंडोले दीपक चौबे संजय राज पाटीदार सहित छात्राओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शिक्षक दिवस पर अहिल्या उत्सव समिति ने किया शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान




**नवभारत न्यूज**

**महेश्वर।** अहिल्या उत्सव समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में नगर के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान दार्शनिक एवं शिक्षा विद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से हुआ।

तत्पश्चात् अतिथियों का उद्बोधन हुआ और सम्मान की बेला प्रारंभ हुई। समिति द्वारा 1 जनवरी 2024 से 31 अगस्त 2025 तक सेवानिवृत्त हुए नगर महेश्वर के शिक्षकों-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से मनोज गोले, देवेंद्र कुमार जोशी,कमला भालेकर,सुलोचना मुकेश शामिल थे इसके साथ ही नगर के लिए गौरव की बात रही कि प्राचार्य सांदीपनी स्कूल महेश्वर बिरजू गुप्ता को भी मध्यप्रदेश विद्यालय मॉनिटरिंग कमेटी में चयनित होने पर समिति द्वारा विशेष सम्मान प्रमुख अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष अलका यादव,नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष मथुरा लाल पाटीदार द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का आभार मानते हुए समिति अध्यक्ष मनोज पाटीदार ने अपने उद्बोधन में कहा कि अहिल्या उत्सव समिति पूरे वर्ष नगर की सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करती रहेगी। आगे भी नगर के सामाजिक एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रम समिति द्वारा आयोजित किए जाते रहेंगे।

इस दौरान व्यापारी संघ अध्यक्ष मथुरा लाल पाटीदार, केके पुरोहित,मनोज पाटीदार,विकास सप्तऋषि ,रोहित जोशी,विक्की चौहान,स्वप्निल गुप्ता, सचिन शर्मा विक्रम यादव आदि मौजूद थे।

### शिक्षकों का श्रीफल पुष्पमालाओं से सम्मान किया

**भीकनगाव, निप्र।** आदर्श कर्मचारी सहकारी साख संस्था के स्टाफ कर्मचारियों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर संचालक मंडल के शिक्षकों का सम्मान शाल श्रीफल पुष्प मालाओ से किया गया।

संस्था के संजीव त्रिवेदी,अजय गंगराड़े और पंकज जोशी ने बताया कि इस पावन दिवस पर गुरुजनों का सम्मान करते हुए अच्छा लगा उनका आशीर्वाद मिला।विचार रखते हुए संस्था अध्यक्ष हरेसिह मंडलोई ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज उत्थान में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। कार्यक्रम का संचालन के बी मंसारे ने किया।इस अवसर पर सेवा निवृत्त लेखापाल दिलिप कनाडे का शाल श्रीफल पुष्प माला से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सुनिता वर्मा, मोतेसिह रावत, दिपक वर्मा, वाणी विलास वानखेड़े राजेश सोहनी उपस्थित थे।



### संगीता देसाई को जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान

**सनावद निप्र।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ माध्यमिक शिक्षीका श्रीमती संगीता देसाई को लगातार 10 वर्षों से अधिक समय से निर्धन छात्र छात्राओं की स्कूल फिस, पाठ्य पुस्तकें नि:शुल्क उपलब्ध करवाने, गणवेश खरीद कर नि:शुल्क निर्धन छात्राओं को उपलब्ध करवाने एवं अन्य आर्थिक सहयोग गुप्त दानदाताओं से सह?योग लेकर ऐसे छात्र छात्राओं की मदद करने जैसे उनके उल्लेखनीय एवं प्रशंसनीय कार्यों हेतू जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान से श्रीमति देसाई को जिला शिक्षा अधिकारी श्री शैलेन्द्र कानूडे ने 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर एक समारोह में जिलास्तर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित क्रिया इस अवसर पर शिक्षिका श्रीमति देखाई के पति शिक्षक शिशिर देसाई को भी शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने हेतु सम्मानित किया गया। स्मरणीय है की शिशिर देसाई को पूर्व मे भी जिला स्तरीय सम्मान प्राप्त हुआ है साथ ही गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्टर खरगोन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षक का सम्मान भी प्रदान किया जा चुका है। देसाई शिक्षक दम्पति के शिक्षा क्षेत्र मे किए गये उत्कृष्ट कार्यों की क्षेत्र के समाजसेवी जन प्रतिनिधियों ने प्रशंसा करते हुए बधाइयां दी है। उधर शालाओं के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने देसाई परिवार की सराहना करते हुए जिला प्रशासन का आभार माना है।




**एक नजर में** — **सकल हिंदू समाज संगठन कसरावद के द्वारा अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन**

# उजड़ा जो सिंदूर देश की बेटी का, सोफिया सिंदूर का तिलक कर महाकाली बनी : कवि रावल

**नवभारत न्यूज**

**कसरावद, निप्र। सकल हिंदू समाज संगठन कसरावद के द्वारा अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें लखनऊ की आई कवियत्रि हेमा पांडे ने सरस्वती वंदना की, मोहब्बत की ये डोरी है इसे कमजोर मत करना**

मुझे चुपके से मिल लेना कभी भी शोर मत करना

तुम्हारे बिन मेरा जीना मेरा मरना भी है मुश्किल




मुझे सल्फास दे देना मगर इग्नोर मत करना ,कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम के सूत्रधार महेश अनगढ़ कसरावद ने हास्य व्यंग से खूब गुदगुदाया,संचालक हरीश हंगामा प्रतापगढ़ ने लोगों को हास्य से लोटपोट कर दिया,सबसे ऊंचा हिंदुस्तान हो कविता पड़ी।बदनावर के गोपाल कंवलिया और शाजापुर के ऋतुराज गुर्जर ने कहा धर्मपथ से भी विमुख हो ना जाए बेटियां ये पद्मिनी की कहानी सुनना चाहता हूं मैं मोबाइल व नशे में खो रहे हैं जो जवानी उस युवा पीढ़ी को जागना चाहता हूं मै,और आनंद विभोर कर दिया,के कवि विष्णु विश्वास ने अपने काले रंग को लेकर गुदगुदाया और दिनेश पाटीदार देशी घी ने खूब व्यंग्य कविता से सदन में जोश भर दिया,सुंदरकांड पड़ने के लिए प्रेरित किया, ।

### सदन में जय जय सियाराम के नारे लगे

वही कसरावद के युवा ओजस्वी कवि गौतम रावल ने सर्जिकल स्ट्राइक पर कहा उजड़ा जो सिंदूर देश की बेटी का, सोफिया सिंदूर का तिलक कर महाकाली बन गई,और संत सियाराम बाबा पर कहा बेजुबानों को अपनी थाली का भाग खिलाने वाले बाबा, नाम ही सत्य इसकी याद दिलाने वाले बाबा, पैसे बाबा की तपोभूमि को पवन धाम कहेंगे और ऐसे बाबा के जग उसमें जय सियाराम कहेंगे कविता पढ़ने पर सदन में जय जय सियाराम के नारे लगे, कार्यक्रम का आभार जय प्रकाश पाटीदार सुमित पाटीदार ने किया, हेमंत सोनी जितेंद्र पाटीदार आर्य, आदि उपस्थित है।